54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in


न्यूनतम 27.0 °c
अधिकतम 37.3 °c

**अमृतवाणी**
धर्म संपूर्ण जीवन की पद्धति, जीवन का स्वभाव है। ऐसा नहीं हो सकता कि हम कुछ कार्य तो धर्म की मौजूदगी में करें और बाकी कामों के समय उसे भूल जाएँ।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अबकी बार सिलेंडर एक हजार पार, महंगाई से त्रस्त हर परिवार, क्या यही हैं अच्छे दिन मोदी सरकार : अमरिंदर सिंह राजा कांग्रेस सांसद



सूर्योदय - 5:18, सूर्यास्त - 7:17 | वर्ष : 54/ अंक : 157 | सोमवार, 08 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

आगे पीछे चलती थार?.... नेता को जनता से प्यार ?....

# बाहर से लगा रखा था ताला, घर में ही थे सरशादी लाल के लाला

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** लम्बे समय से विवादों में घिरे सरशादी लाल मंसूरपुर डिस्टलरी के स्वामी व मैनेजिंग डायरेक्टर प्रभात स्वरूप की फजीहत अब और बढ़ गयी है। प्रशासन ने भी शायद रविवार को उनके कांधे पर रखा हाथ उतार लिया है। आपको बता दें कि सरशादी लाल डिस्टलरी के स्वामी प्रभात स्वरूप पर करोड़ों का लोन लेकर गबन करने के अलावा लगभग पन्द्रह करोड़ रुपये कर्मचारियों के वेतन भुगतान रोकने सहित अन्य कई आरोप हैं। पिछले ढाई वर्ष पहले एकाएक सरशादी लाल डिस्टलरी को ताला लगा दिया गया और सभी कर्मचारियों का कई माह का वेतन यह कहकर रोक दिया गया कि मिल घाटे में चल रही है। ढाई वर्ष से मिल के कर्मचारी इधर-उधर के धक्के खाकर थक चुके थे और शनिवार रात को एकाएक दो दर्जन से





अधिक कर्मचारी जानसठ रोड स्थित प्रभात स्वरूप के निवास स्थान पर जा पहुंचे और जमकर पूरा हंगामा प्रदर्शन किया। हंगामे के दौरान जो बात कर्मचारियों द्वारा कही गई थी, वही सच निकली। रविवार को कर्मचारियों के प्रदर्शन को होता देख नगर मजिस्ट्रेट, विद्युत विभाग व आईजीएल कम्पनी के कर्मचारियों को लेकर लाला जी के घर पहुंची और घर का ताला तोड़ डाला, जिसके बाद घर के अंदर घुसकर बिजली व गैस कनेक्शन दोनों काट दिये गए, तब जाकर कर्मचारियों को कुछ राहत मिली। डिस्टीलरी मजदूर यूनियन के नेता अमित राठी ने मीडिया को अपना बयान देते हुए कहा कि जो लाला जी कल तक यह कह रहे थे कि वे घर में नहीं हैं, आज वे घर से ही मिल गए हैं। लाला जी ने घर के बाहर ताला लगवाकर अंदर आराम फरमाने की योजना बना रखी थी। शनिवार की तरह रविवार को अपनी बात दोहराते हुए कर्मचारियों ने कहा कि वे कल रात से ही लाल जी के घर के बाहर धरना दे रहे हैं और जब तक उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं होगा, तब तक वे अपनी जगह से नहीं हटेंगे। मीडियाकर्मियों ने जब सवाल किया कि उनकी क्या-क्या मांग है तो कर्मचारियों ने बताया कि या तो लालाजी की कोई गारंटी लेने वाला हो या फिर हाथोंहाथ उनका वेतन दिलाने वाला कोई हो, उसी आश्वासन पर वे धरना समाप्त करेंगे। इसी के साथ-साथ कर्मचारियों ने कहा कि प्रशासन सरशादी लाल डिस्टलरी के गारंटी चेक हमें दिलवा दे, तभी जाकर हम अपना धरना समाप्त करेंगे। समाचार लिखे जाने तक कर्मचारियों का धरना जारी था और नगर में तरह-तरह की चर्चाएं प्रभात स्वरूप को लेकर चल रही थी।

## सिपाही भर्ती परीक्षा: बसों के किराए में 50 प्रतिशत की छूट

**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को राज्य परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान किराए में 50 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के विभिन्न जिलों में आवागमन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर परिवहन निगम की बसों में 50 प्रतिशत रियायती किराए का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था परीक्षा अवधि के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए लागू रहेगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

## बाग में आम के पेड़ से लटका मिला शव

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** गांव रोहाना कलां में आम के बाग में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने जब इसकी जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान धनीराम निवासी रोहाना कलां के रूप में हुई है। तीन साल पहले मृतक की पत्नी की भी मृत्यु हो गई थी, तभी से वह मानसिक तनाव में चल रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## अखबारी कागज में खाद्य पदार्थ नहीं दिए जाएंगे, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसी)।** भारत में सड़क किनारे मिलने वाले गरमा-गरम वड़ापाव या पकौड़ों को अखबार में लपेटकर देना एक आम बात है। लेकिन यह 'जुगाड़' अब महंगा पड़ सकता है। हाल ही में एक मशहूर वड़ापाव विक्रेता के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई ने फूड पैकेजिंग के खतरनाक सच को सामने ला दिया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने साफ कर दिया है कि अखबार में खाना लपेटना केवल असुरक्षित ही नहीं, बल्कि गैरकानूनी भी है। अखबार में तला हुआ खाना परोसना भले ही पहली नजर में हानिरहित लगे, लेकिन इसके स्वास्थ्य जोखिम बहुत गंभीर हैं। एफएसएसएआई ने साफ निर्देश दिया है कि विक्रेता उपभोक्ताओं की भलाई के लिए केवल सुरक्षित और स्वीकृत 'फूड-ग्रेड' पैकेजिंग सामग्री का ही उपयोग करें। इसके साथ ही, आम लोगों और उपभोक्ताओं से भी इस मामले में सतर्क रहने की अपील की गई है। हाल ही में यह देखा गया कि एक मशहूर वड़ापाव विक्रेता ग्राहकों को अखबार में खाना पैक करके और परोस कर दे रहा था। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए, एफएसएसएआई के पश्चिमी क्षेत्र और बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। पूरे शहर और क्षेत्र में ऐसी अन्य घटनाओं की संभावना को देखते हुए, एफएसएसएआई ने सभी खाद्य विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे खाना पैक करने या परोसने के लिए अखबार का इस्तेमाल तुरंत बंद करें।



एफएसएसएआई के अनुसार, अखबार की छपाई में इस्तेमाल होने वाली स्याही में कई हानिकारक रंग, पिगमेंट, बाइंडर और रसायन होते हैं। इसमें विशेष रूप से लेड और अन्य भारी धातुएं शामिल होती हैं। जब कोई गर्म या तेल वाला खाना इस प्रिंट के संपर्क में आता है, तो ये टॉक्सिन्स (जहरीले तत्व) सीधे खाने में मिल जाते हैं, जिससे गंभीर और पुरानी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, अखबारों के वितरण के दौरान वे अस्वच्छ परिस्थितियों से गुजरते हैं, जिससे वे बीमारियों का कारण बनने वाले रोगजनकों के वाहक बन जाते हैं। 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (पैकेजिंग) रेगुलेशंस, 2018' के तहत खाने को स्टोर करने या लपेटने के लिए अखबार या ऐसे किसी भी सामग्री के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। एफएसएसएआई ने इस संबंध में पहले भी एक एडवाइजरी जारी की थी। यह नियम विशेष रूप से छोटे और मध्यम खाद्य व्यवसायों (एसएमई) को प्रभावित करेगा।

## मोदी सरकार से चार मंत्रियों की छुट्टी तय, तरुण चुघ व राघव चड्ढा बन सकते हैं मंत्री

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ जून को अपने तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे करेंगे। चर्चा है कि 10 राज्यों की 27 राज्यसभा की सीटों के चुनाव 18 जून को संपन्न होने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। अटकलें हैं कि मोदी कैबिनेट विस्तार में पंजाब से दो बड़े नेताओं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट के बहुप्रतीक्षित विस्तार और फेरबदल की प्रक्रिया चल रही है।आगामी विधानसभा चुनावों और मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड के आधार पर फेरबदल की अटकलें तेज हैं। वर्तमान में मंत्रिपरिषद में कुल 72 सदस्य हैं और इसे 81 तक किया जा सकता है। कैबिनेट विस्तार में आगामी चुनावों वाले राज्यों (जैसे उत्तर प्रदेश और पंजाब) के नेताओं को मंत्रिमंडल में ज्यादा तरजीह मिलने की संभावना है। कुछ मंत्रियों को वापस पार्टी संगठन में भेजा जा सकता है और नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच दो मौजूदा केंद्रीय मंत्रियों को राज्यसभा का टिकट न मिलने के बाद फेरबदल की चर्चाएं सबसे ज्यादा तेज हुई हैं। रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन को इस बार राज्यसभा का टिकट नहीं दिया गया है। दो जूनियर मंत्रियों को पहले ही संगठन में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली बीजेपी की कमान सौंपी गई है।

## शहर में लगभग दस दिन बाद फिर रौद्र रूप में दिखा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**▶ व्यापारियों की पालिका टीम व यातायात की टीम से हुई तीखी झड़प**





मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)। शहर में दो दिन भी अतिक्रमण हटाने वाली नगर पालिका व यातायात पुलिस की टीम सड़क पर न उतरे तो व्यापारी फिर से अतिक्रमण करके बैठ जाते हैं। कोई सड़क का मालिक बन बैठता है तो कोई अपने दुकानों के बोर्ड सड़क से 5-5 फुट बाहर तक रख देता है। ऐसे में व्यापारी प्यार की भाषा समझने वाले नहीं दिख रहे हैं। पिछले दस दिन से अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चला तो फिर से व्यापारियों ने ये सोच लिया कि अब शायद अतिक्रमण पर कोई जोर प्रशासन द्वारा नहीं दिया जाएगा, क्योंकि लगभग चार दिन पहले ईओ प्रज्ञा सिंह के तबादले से व्यापारियों में यह मुगालता आ गया था कि शहर से अतिक्रमण अब नहीं हटेगा मगर आज व्यापारियों का यह मुगालता पूरी तरह से धुल गया और टीम ने ताबड़तोड़ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कई व्यापारियों से तीखी नोकझोक के बाद पालिका व ट्रैफिक विभाग की टीम ने अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया। दुकानदारों की दुकानों के बाहर रखे स्टूल, रेहड़ा पटरी वालों के कैरेट, तराजू बांट तक टीम ने नहीं छोड़े। टीम ने बताया कि कोई व्यापारी मुगालते में न रहे, लगातार इसी तरह अतिक्रमण हटाने के लिए पालिका व यातायात विभाग की टीम प्रतिबद्ध रहेगी और रोज इसी तरह अभियान चलेगा। आज के अभियान की मुख्य बात यह रही कि टीम ने पहले से रूट प्लान नहीं बताया और पूरे शहर से अतिक्रमण हटाने का काम किया।

# युवक से निकाह व धर्म परिवर्तन कराने वाली जिम ट्रेनर व पिता गिरफ्तार

**▶ महिला ट्रेनर ने करोड़पति के बेटे को मुस्लिम बनाया**
**▶ निकाह के बाद नाम बदलवाया, दाढ़ी बढ़वाई**
**▶ शामली में 3 मौलवी समेत 10 पर एफआईआर**

**शामली, 7 जून (एजेंसी)।** शहर के प्रसिद्ध मेडिकल स्टोर संचालक देवराज मलिक के पुत्र आयुष मलिक का धर्मांतरण कराने के प्रकरण में जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी (25) और उसके पिता इस्लाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी का कहना है कि करोड़ों रुपये की संपत्ति हड़पने के लिए योजनाबद्ध तरीके से युवती ने अपने परिवार के साथ मिलकर युवक को प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण कराया था। इस प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी है। कारोबारी के 27 साल के बेटे आयुष मलिक का नाम बदलकर रहमान रख दिया। उसकी दाढ़ी बढ़वा दी। वह टोपी पहनकर दुकान पर बैठने लगा। यह देखकर हिंदू संगठनों ने विरोध शुरू किया और जिम ट्रेनर के घर धरना देने की धमकी दी। इसके बाद कारोबारी ने शनिवार देर शाम जिम ट्रेनर, उसके परिवार के 6 सदस्यों और 3 मौलवियों पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और अवैध वसूली की एफआईआर दर्ज कराई। पिता के मुताबिक, फर्जी निकाहनामा तैयार कर पूरे परिवार पर धर्मांतरण का दबाव बनाया जा रहा है। मुस्लिम न बनने पर हत्या की धमकी दी गई। पुलिस ने जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी और उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। थाने में चांदनी कुरैशी बुर्के में नजर आई। मामला शहर के दयानंद नगर और कुरैशी बस्ती से जुड़ा है। चांदनी कुरैशी प्लस जिम में ट्रेनर है। दयानंद नगर के रहने वाले देवराज मलिक शामली जिले के केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। बेटा आयुष बी-फार्मा करके मेडिकल स्टोर चलाता है। पुलिस के मुताबिक, इस कहानी की शुरूआत 5 साल पहले हुई थी। उस वक्त आयुष ने कुरैशी प्लस जिम जाना शुरू किया था। कुरैशी बस्ती की रहने वाली चांदनी उसकी जिम ट्रेनर है। उसने आयुष को अपने प्रेम जाल में फंसाया। 4 साल पहले चोरी-छिपे आयुष से निकाहनामा पढ़वाया। 6 महीने पहले से आयुष अपना लुक बदलने लगा। पहले दाढ़ी बढ़ाई, फिर मस्जिद जाने लगा। उसकी एक तस्वीर भी सामने आई है। इसमें वह मस्जिद में नमाज पढ़ते नजर आ रहा। मेडिकल स्टोर का भी एक फोटो आया है, जिसमें वह टोपी और कुर्ता-पायजामा पहने दिखाई दे रहा है। शामली के सदर कोतवाली में पुलिस हिरासत में चांदनी कुरैशी बुर्के में नजर आई। मामला तब सामने आया, जब 4 जून को मुजफ्फरनगर के योग साधना आश्रम के महंत स्वामी यशवीर ने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने बताया- भारत मेडिकल स्टोर के मालिक के इकलौते बेटे को चांदनी कुरैशी ने फंसा लिया है। दबाव में आकर पूरे परिवार ने धर्म बदल लिया है। मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया, जिम ट्रेनर के घर पर धरने की धमकी देने लगे। शनिवार को आयुष के पिता देवराज मलिक ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। शामली पुलिस ने चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ़्तार कर लिया है।






### पिता बोले- मैं हिंदू ही हूं, बेटे को मुस्लिम बनाया गया

**शामली।** कारोबारी देवराज मलिक ने बताया कि बेटे आयुष का धर्मांतरण जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी और उसके परिवार के सदस्यों ने कराया है। वे लोग 5 साल से बेटे से रुपए ऐंठ रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सब साजिश के तहत हुआ। इसमें आजाद चौक स्थित कादियां मस्जिद के पास निवासी मुनव्वर मौलवी और 2 अन्य अज्ञात मौलवी भी शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर बेटे पर मानसिक दबाव बनाया। उसे मुस्लिम धर्म अपनाने पर मजबूर किया। हमें जब पता चला, तो हमने इसका विरोध किया। मैं और मेरी पत्नी हिंदू धर्म में ही हैं। हम सुबह-शाम हनुमान मंदिर पूजा करने जाते हैं।

### पाकिस्तानी धर्म गुरू से प्रभावित है परिवार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि धर्मांतरण कराने वाला परिवार पाकिस्तान के धर्म गुरू डॉ. इसरार का समर्थक है और उनके प्रभाव में ही धर्मांतरण की यह प्रक्रिया की गई। इसी के चलते जिम ट्रेनर लड़की के जरिए युवक को प्रेम के जाल में फंसाया गया।

## ससुराल से घर जा रहे ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत

**बुढ़ाना, 7 जून (बु.)।** बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर बडसू निवासी लगभग 30 साल का वीशू सैनी बीती शनिवार के दिन अकेला ही अपनी मोटर साईकिल पर बैठकर अपनी ससुराल बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में आया हुआ था। जब वह बीती देर रात ससुराल से अपने घर लौट रहा था तो गांव के बाहर ही विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक बुलेरो पिअकप के चालक ने मेहमान वीशू सैनी की मोटर साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी और बुलेरो पिकअप सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही वीशू लहूलुहान हो गया। आते-जाते राहगीरों और गांव के लोगों ने घटना के बाद घायल वीशू को मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने वीशू को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस ने ससुरालियों के आधार पर मृतक के परिजनों को दी तो परिजन रोते-बिलखते बुढ़ाना आए। पुलिस ने शव को पीएम हाउस के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी थी। समाचार लिखे जाने तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा : दिल्ली में 942, 3 महीने में दाम 89 बढ़े

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसी)।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 रुपए का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एफआईआर की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एफआईआर सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपए महंगा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है।भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपए का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं।








1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में वृद्धि

शनिवार रात से घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की वृद्धि कर दी गई। इस वृद्धि का असर देशभर में घरेलू गैस की कीमतों पर होगा। इस वृद्धि पर सरकार ने तर्क दिये हैं और विपक्ष ने सरकार को घेरा है। तीन महीनों में घरेलू गैस के दाम में दूसरी बार वृद्धि की गई है। इससे पहले 7 मार्च को हर सिलेंडर पर 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। कांग्रेस ने इस वृद्धि को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला है। अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा कर दिया गया। मोदी का फंडा साफ है, जनता से वसूली करो, अमीर दोस्त की तिजोरी भरो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, घरेलू एलपीजपी के दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई हैं। मोदी सरकार ने पिछले 4 महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की वृद्धि की है। खड़गे ने सरकार से सवाल करते हुए लिखा कि संसद में मोदी जी ने लंबी-चौड़े दावे किए थे कि वे पश्चिम एशिया संकट के चलते 41 देशों से ईंधन मंगा रहे हैं, उसका क्या हुआ? ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत क्यों है? साल 2025-26 में उज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी सिलेंडर नहीं भरवाया है। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो दोबारा एक भी सिलेंडर नहीं लिया। ये तो पश्चिम एशिया संकट के पहले की बात है। क्या ये मोदी सरकार की लूट का नतीजा नहीं है? मोदी जी और बीजेपी नेता यूपीए के दौरान महँगाई का शोर मचाते थे। क्या ये सच नहीं है कि मोदी सरकार ने 12 सालों में घरेलू एलपीजी के दामों में 530 रुपये की बढ़ोतरी की? अब बीजेपी के नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे हैं? कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पूछा है कि जब ऑयल मार्केटिंग कंपनियाँ भारी मुनाफा कमा रही है, तो एलपीजी की कीमतें बार-बार क्यों बढ़ाई जा रही हैं? सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारी मुनाफा कमाया। उन्होंने कहा एक तरफ ओएमसी खूब मुनाफा कमा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ आम लोग दमन करने वाली महंगी व्यवस्था के बोझ तले दबे जा रहे हैं? क्या इसे ही गवर्नेंस कहते हैं? गैस के दाम बढ़ाए जाने पर कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने लिखा,अबकी बार सिलेंडर 1000 पार, महंगाई से त्रस्त हर परिवार, क्या यही हैं अच्छे दिन मोदी सरकार? 28 फरवरी को अमेरिका और इसराइल ने ईरान पर हमले शुरू किए थे। उसके बाद से मध्य पूर्व में संघर्ष चल रहा है और ईरान ने तेल और गैस सप्लाई के महत्वपूर्ण रूट होर्मुज स्ट्रेट को तकरीबन पूरी तरह बंद कर दिया है। इस संघर्ष का असर पूरी दुनिया में ऊर्जा की कीमतों और उसकी सप्लाई पर पड़ा है। हाल के महीनों में होटल, रेस्टोरेंट और दूसरे व्यवसायों में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी बार-बार वृद्धि हुई है। कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में वृद्धि अभी एक जून को हुई। इससे पहले,कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में मई में, अप्रैल में और मार्च में वृद्धि की गई थी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में वृद्धि पर पेट्रोलियम मंत्रालय का बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत में घरेलू गैस सबसे सस्ती मिल रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि वर्तमान में देश भर में 33.37 करोड़ परिवारों के पास एलपीजी का कनेक्शन है। पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि भारत में गैस के लिये भुगतान की जाने वाली राशि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विकसित देशों में भुगतान की जाने वाली राशि से कहीं ज्यादा कम है। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 642 रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जबकि दिल्ली में आम उपभोक्ता को 942 रुपये भुगतान करना पड़ता है, जबकि आपूर्ति की लागत बढ़कर 1600 रुपये से अधिक हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित कीमतों से जुड़ी हुई हैं। हालांकि सरकार घरेलू एलपीजी के लिए उपभोक्ता को मिलने वाली प्रभावी कीमत को नियंत्रित करना जारी रखती है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि कोई भी परिवार 942 रुपये में अपनी जरूरत के मुताबिक, जितने चाहे सिलेंडर ले सकता है। पीएमयूवाई लाभार्थी को पहले चार रिफिल पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये का अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि पीएमयूवाई योजना से बाहर के परिवारों को भी सिलेंडर की बाजार कीमत से 700 रुपये कम भुगतान करना होगा। घरेलू वर्ग को प्रति सिलेंडर सैकड़ों रुपये की उस भारी कीमत का बोझ नहीं उठाना पड़ता, जो सरकार वहन कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत बढ़ने पर यह बोझ उपभोक्ता पर डालने के बजाय, उत्पादन प्रक्रिया शुरू होने से पहले सरकार द्वारा वहन कर लिया गया है। भारत में 14.2 किलो गैस सिलेंडर की कीमत 942 रुपये और उज्जवला योजना वाले सिलेंडर की कीमत 642 रुपये हैं। श्रीलंका में 1241 रुपये, बांग्लादेश में कीमत करीब 1225 रुपये, अमेरिका में कीमत करीब 1755 रुपये, आस्ट्रेलिया में 1765 रुपये और कनाडा में करीब 2411 रुपये हैं। सप्लाई को सुरक्षित रखने के लिए भारत ने घरेलू एलपीजी उत्पादन को 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ाते हुए करीब 32 टीएमटी से 52 टीएमटी तक पहुंचा दिया। इसके साथ ही होर्मुज रूट के बाहर के देशों जैसे अमेरिका, कनाडा और अल्जीरिया से भी गैस की खरीद शुरू की गई। उपलब्ध गैस की सप्लाई में घरों के साथ अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों जैसे प्रायोरिटी यूजर्स को प्राथमिकता दी गई। दूसरी तरफ मांग के दबाव को कम करने के लिए ग्राहकों को पाइप्ड नेचुरल गैस इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। घरेलू गैस की कमर्शियल मार्केट में चोरी रोकने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी वेरिफिकेशन को बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक कर दिया गया है। दशकों पहले केरोसीन मुक्त हो चुकी राजधानी में एक बार फिर मिट्टी के तेल की चर्चा हो रही है। रसोई गैस सिलेंडर की कमी के कारण केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपात परिस्थितियों में केरोसीन की बिक्री को मंजूरी दे दी है, ताकि लोग खाना बनाने का विकल्प पा सकें, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बाजारों में स्टोव ही उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'बदलाव' 'नाटक' 'राजनीति' 'हार'

बदलाव आ तो सकता है, नाटक को दूर रख,
ये राजनीति जाहिलों के वास्ते नहीं।
हर बार हार देख के समझे नहीं हैं वो,
ये राजनीति जाहिलों के वास्ते नहीं।

# कॉकरोच जनता पार्टी उड़ा रही लोकतंत्र का मजाक: चंद्रमोहन महाराज





**मुजफ्फरनगर, 7 जून (एजेंसी)।** भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में रविवार को हिंद मजदूर किसान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्रांतिगुरु चंद्रमोहन महाराज ने हजारों लोगों को जनेऊ धारण कराया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मनुस्मृति का अध्ययन करने और उसके सिद्धांतों को समझने का आह्वान किया। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे लोकतंत्र का मजाक बताते हुए कहा कि असल मुद्दों से यह भटका हुआ है। चंद्रमोहन महाराज ने कहा कि मनुस्मृति में उल्लेख है कि जन्म से प्रत्येक व्यक्ति शूद्र होता है। उन्होंने मनुस्मृति को संसार का पहला संविधान बताते हुए कहा कि समाज को इसके वास्तविक स्वरूप को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को आम नागरिक की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए देश में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त दवाई की व्यवस्था लागू करने की वकालत की। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे लोकतंत्र का मजाक बताया और कहा कि जनता को मुफ्त शिक्षा व मुफ्त दवाई जैसे जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना चाहिए। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं को उन्होंने अफवाह बताते हुए राजनीति में आने से इनकार किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम श्री के विजय विद्यालय की छात्रा एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवेश मलिक की पुत्री वसुंधरा मलिक को योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया। वहीं, देवबंद क्षेत्र के गांव मकबरा निवासी युवा अर्जुन को भी सम्मानित किया गया। अर्जुन नशे और जातिवाद के खिलाफ संदेश देते हुए देवबंद से लगभग 27 किलोमीटर की सपाटे-बैठक यात्रा कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और अपनी यात्रा को चंद्रमोहन महाराज के चरणों में समर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में महाराज ने लोगों से नशे और जातिवाद दोनों से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर मीडिया प्रवक्ता अमित सिंह, मनीष, दीपक, पंकज, कुलदीप, रविकांत, विनोद, प्रवीण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## बाइक सवारों ने तमंचे के बल पर युवकों पर किया हमला

**भोपा, 07 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र की तीर्थनगरी से घूम कर आ रहे थाना क्षेत्र के दो युवकों पर अज्ञात बाइक सवारों ने तमंचे के बल पर हमला बोल दिया, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आए ग्रामीणों ने किसी तरह युवकों को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया, जिसके बाद पीड़ित भोपा थाने पर पहुंचे और कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी आशु ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि बीते गुरुवार को वह स्कूटी पर सवार होकर अपने दोस्त अर्जुन के साथ तीर्थनगरी शुक्रताल से घूमकर अपने घर वापस लौट रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब दोनों गांव इलाहबास से थोड़ा आगे निकले, तो लगभग चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ आरोपी तमंचे आदि से लैस होकर आए और उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके और उसके दोस्त के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके दोस्त अर्जुन के शरीर में काफी चोट आई, जब दोनों पीड़ितों ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग मौके पर आ गए और पीड़ितों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, जिसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ितों ने भोपा थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई। भोपा पुलिस ने पीड़ितों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच वर्जित

### – कड़ी सुरक्षा में आज से शुरू होंगी तीन दिवसीय परीक्षा



**मुजफ्फरनगर, 7 जून (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी भर्ती परीक्षा में मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच जैसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह वर्जित रहेंगी। तीन दिवसीय परीक्षा कल (आज) से शुरू हो रही है। मुजफ्फरनगर में भी इस परीक्षा के लिए 17 केंद्रों बने हैं। 8, 9 और 10 जून तक चलने वाली इस त्रिदिवसीय परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इस परीक्षा में कुल 8,232 अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा की तैयारियों को लेकर एसएसपी ने पुलिस लाइन में रविवार को विशाल बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा तीन दिनों तक प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10:00 से 12:00 और दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 17 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 17 केंद्र व्यवस्थापक, 36 सहायक केंद्र व्यवस्थापक और 686 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी, पेयजल, विद्युत और जनरेटर की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी। रविवार को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ किया। एसएसपी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की गहन चेकिंग और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा। मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच जैसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह वर्जित रहेंगी। परीक्षार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए रोडवेज बसों के अतिरिक्त फेरे लगाने और चौराहों पर सुचारू यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। बैठक व ब्रीफिंग के दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे, एएसपी सिद्धार्थ के. मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## टाटा मैजिक चालकों ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान से लगाई गुहार



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बुस.)।** नगर में शामली बस अड्डे से शाहपुर-बुढ़ाना मार्ग पर चलने वाले टाटा मैजिक वाहन चालकों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात की। चालकों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा के कुछ वाहन संचालकों की दबंगई और अव्यवस्थित संचालन से उनके रोजगार पर संकट आ गया है। डॉ. संजीव बालियान ने इस संबंध में शहर कोतवाल बृजेश शर्मा से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित कर समाधान निकालने का निर्देश दिया। इसके बाद टाटा मैजिक यूनियन के चालक शहर कोतवाली पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। चालकों ने बताया कि वे पिछले लगभग 20 वर्षों से इस मार्ग पर यात्रियों को परिवहन सुविधा दे रहे हैं। उनका आरोप है कि हाल ही में मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा के कुछ वाहन शामली बस अड्डे पर सड़क के बीच में खड़े होकर सवारियां भरते हैं। इससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है और उनके काम पर भी असर पड़ रहा है। टाटा मैजिक संचालकों ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे अपनी गाड़ियों में सवारियां बैठाने की कोशिश करते हैं, तो कुछ लोग उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और उन पर दबाव बनाते हैं। इस स्थिति के कारण कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। चालकों का कहना है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ना था। हालांकि, कुछ वाहन निर्धारित ग्रामीण रूटों पर चलने के बजाय सीधे शहर के मुख्य बस अड्डे से ही संचालित हो रहे हैं। इससे वर्षों से परिवहन सेवा दे रहे स्थानीय चालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। टाटा मैजिक यूनियन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे। इस दौरान संदीप शर्मा, रोहित, फुरकान, संजय गिरी, सुनील शर्मा, प्रवीण, मेहताब, सतीश राठी, शोएब, आमिर, कृष्ण पाल, टिल्लू, कल्लू, सोनी, आबिद, शिवकुमार, अनीश और मानसिंह प्रधान सहित बड़ी संख्या में चालक मौजूद थे।

## बुढ़ापे में चढ़ा आशिकी का खुमार, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भोपा, 07 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सड़क किनारे नाली की सफाई कर रही एक महिला से गैर संप्रदाय के व्यक्ति ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे दिया, जब पीड़िता आरोपी के एक परिवारजन से मामले की शिकायत करने के लिए गई, तो आरोपी ने शिकायत करने गई महिला के साथ दोबारा भी छेड़छाड़ की और महिला की जाति पर टिप्पणी की। इसके बाद महिला भोपा थाने पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत देते हुए उससे जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है, इसलिए वह अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है। आरोप है कि उसके गांव का रहने वाला गैर-संप्रदाय का एक व्यक्ति उसपर बुरी नजर रखता है और अक्सर उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देता रहता है, जिसका विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करने का प्रयास करता है। पीड़िता ने बताया कि बीते शनिवार की सुबह वह अपने घर के बाहर नाली की सफाई कर रहे थी, तभी आरोपी उसके अकेली देखकर वहां आ गया और बदनीयती से उसे छूते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा, जिसके बाद महिला आरोपी से बचकर अपने घर में घुस गई। थोड़ी देर बाद वह आरोपी की शिकायत करने उसके परिवार के ही व्यक्ति की दुकान पर गई, तो आरोपी वहां भी पहुंच गया व काफी लोगों के सामने उसके साथ फिर छेड़छाड़ की और नीच जाति की कहते हुए उसका कुछ भी ना बिगाड़ पाने की धमकी देने लगा। इसके बाद महिला अपने परिवार के व्यक्ति के साथ भोपा थाने पर पहुंची और आरोपी से जान-माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अकबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## फेडरेशन ने शुरू किया जल सेवा शिविर

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बुस.)।** नगर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच फेडरेशन ऑफ मुजफ़्फ़रनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने एक जनसेवा पहल की है। फेडरेशन ने मेरठ रोड स्थित इंडस्ट्रियल एस्टेट के मुख्य द्वार के सामने एक प्याऊ सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर का उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने फीता काटकर किया। यह सेवा शिविर फेडरेशन द्वारा प्रतिवर्ष संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना है। शिविर में शीतल जल और मीठा शरबत उपलब्ध कराया जाएगा। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इस पहल की सराहना की गई है। फेडरेशन पदाधिकारियों ने बताया कि यह सामाजिक सरोकार के तहत पूरे गर्मी के मौसम में जारी रहेगा। टिकोला शुगर मिल के स्वामी अमित स्वरूप ने पूरे शिविर के लिए आवश्यक चीनी उपलब्ध कराई है। वहीं, गांधी टेंट हाउस ने शिविर की अवधि तक निःशुल्क टेंट व्यवस्था प्रदान कर सहयोग किया है। इस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, सह सचिव आशीष गर्ग, उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल, राकेश जैन, पंकज मित्तल, अंकित संगल, अशोक अग्रवाल, जीशान अहमद, सत्य प्रकाश, पीहू अग्रवाल, सरदार अहमद, अमित गर्ग, शशांक मित्तल, शारिक सुल्तान और आकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## वर्ल्ड साइकिल डे पर साइकिल रैली में युवाओं, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा किया गया प्रतिभाग



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बुस.)।** खेल अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश तथा डीएम उमेश मिश्रा एवं सीडीओ कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में जिला खेल कार्यालय, चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर द्वारा प्रातः 6 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भूपेंद्र सिंह यादव प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी एवं डॉ. राजीव कुमार द्वारा साइकिल चलाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। साइकिल रैली चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर मुजफ्फरनगर-मेरठ रोड सुजुडू चुंगी से वापस होते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम पर सम्पन्न हुई। भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि साइकिल चलाना केवल एक मनोरंजन गतिविधि से कहीं अधिक है। साइकिल चलाना केवल एक व्यायाम या शौक नहीं है; यह एक स्वस्थ और सशक्त जीवनशैली का प्रतीक है। इसे दैनिक आदत बना लेना चाहिए, क्योंकि यह हमें फिट रखता है। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि साइकिल चलाना पर्यावरण की रक्षा करता है, प्रदूषण कम करता है, जिसकी एक फिट, स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विश्व साइकिल दिवस 03 जून 2026 को हरित भविष्य के लिए साइकिल चलाना, की थीम के साथ मनाया गया, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और स्वस्थ, टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने में साइकिल की भूमिका पर प्रकाश डालता है। जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर से प्रदीप कुमार कुश्ती प्रशिक्षक, संजीव कुमार कबड्डी प्रशिक्षक, मनीष कुमार वुशु प्रशिक्षक, अप्रेंटिस हॉकी प्रशिक्षक अंकुर कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी क्रिकेट, दिनेश, भावना एवं अनिल इत्यादि शामिल रहे। उक्त आयोजन में यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर से उपनिरीक्षक हेम सिंह व आरक्षी अनुज कुमार उपस्थित रहे। रैली सम्पन्न होने पर प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शिवनगर स्थित मकान का बैनामा, गाँधी कॉलोनी से नई मण्डी जाते समय कहीं खो गया है, जो कार्यालय उप-निबन्धक प्रथम मुजफ्फरनगर में बही संख्या -1, जिल्द संख्या 11376 के पृष्ठ संख्या 49 से 90 तक क्रमांक 9485 पर दिनांक 09/10/2019 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

सुरेन्द्र सिंह पुत्र हरी राम सिंह
515, गली नं0-13,
गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रानी (RANI)से बदलकर मलका नाज (MALKA NAAZ) रख लिया है। भविष्य में मुझे मलका नाज (MALKA NAAZ) के नाम से ही जाना व पुकारा जाए।

मलका नाज
पत्नी मौ. लईक अहमद
384/1, गली मुस्तफा खाँ,
खालापार, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)





## अनियंत्रित कार खंभे से टकराई, चालक गंभीर

**चरथावल, 07 जून (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के नंगला राई गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार बिजली के खंभे से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, यह घटना चरथावल थाना क्षेत्र के नंगला राई गांव के निकट मुख्य मार्ग पर हुई। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार चालक को गंभीर चोटें आईं और वह गाड़ी के भीतर ही फंसा रह गया था। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को कार से बाहर निकाला। इसके बाद निजी वाहनों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है।

## जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जागरूकता एवं परामर्श शिविर आयोजित

### ऑटिज्म मुक्त मुजफ्फरनगर अभियान में पालिका निभाएगी सक्रिय भूमिका : मीनाक्षी स्वरूप



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बुस.)।** ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जिला चिकित्सालय में सीएएन प्रोटोकॉल के माध्यम से निःशुल्क जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों ने अभिभावकों को ऑटिज्म की पहचान, उपचार और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। एनजीओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयास से आयोजित किए गए इस शिविर का उद्देश्य ऑटिज्म से जूझ रहे बच्चों को बेहतर जीवन की दिशा प्रदान करना तथा ऑटिज्म मुक्त मुजफ्फरनगर अभियान को गति देना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने बताया कि समय रहते पहचान और उचित थेरेपी के माध्यम से बच्चों के व्यवहार, संवाद क्षमता और सामाजिक सहभागिता में सकारात्मक सुधार संभव है। ऑटिज्म जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही संस्था की ओर से डॉ. नमिता ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि ऑटिज्म मुक्त मुजफ्फरनगर अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। नगरपालिका प्रशासन इस जनजागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए एनजीओ को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि अधिक से अधिक परिवारों तक इसकी जानकारी पहुंचे और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। डॉ. नमिता ने कहा कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक न्यूरो-डेवलपमेंटल स्थिति है, जिसका प्रभाव बच्चों के व्यवहार, संवाद और सामाजिक गतिविधियों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि शुरूआती अवस्था में सही पहचान और निरंतर थेरेपी बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संस्था का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक परिवारों तक सही जानकारी पहुंचे और प्रभावित बच्चों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। वक्ताओं ने कहा कि ऑटिज्म के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, प्रभावित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना और उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना सामूहिक जिम्मेदारी है।

## नकली दवाईयां जब्त करने वाले कोतवाल हुए सम्मानित

**बुढ़ाना, 7 जून (बु.)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की बुढ़ाना इकाई के कुछेक पदाधिकारियों ने रविवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री का गले में पटका पहनाकर स्वागत किया। व्यापारी नेताओं ने बुढ़ाना पुलिस द्वारा दो दिन पहले ही नकली दवाइयों के डीलर को गिरफ्तार करने की बड़ी कार्रवाई की जमकर सराहना की और बुढ़ाना पुलिस टीम को बधाई भी दी। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल का कहना था कि नकली दवाओं के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस की यह कार्रवाई आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों पर पूर्ण रूप से अंकुश ही नहीं लगेगा, बल्कि ऐसा घिनौना काम करने वाले सौ बार सोचेंगे। सभी व्यापारियों ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के इस कार्य की खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बुढ़ाना ईकाई के पदाधिकारियों में अरविंद गोयल, अध्यक्ष संजीव कुमार संगल आदि मौजूद रहे।

## टिहरी में 40 यात्रियों से भरी बस का ब्रेक फेल होने पर पहाड़ी से टकराकर पलटी





**टिहरी, 7 जून (एजेंसी)।** टिहरी गढ़वाल में आज सुबह 40 यात्रियों से भरी बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे गाड़ी पहाड़ी से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। इस हादसे में 8 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश रेफर कर दिया गया है। हादसा सुबह 8 बजे के करीब ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर तोताघाटी और बछेलीखाल के पास हुआ। बस बद्रीनाथ से ऋषिकेश की ओर जा रही थी। बाकी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एफआईआर की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान रास्ता बंद हो गया, जिससे ट्रैफिक लग गया। सुबह 8 से 08:30 बजे के बीच बद्रीनाथ धाम से ऋषिकेश की ओर आ रही एक प्राइवेट बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया, जिससे बस पहले पहाड़ी से टकराई और फिर पलट गई। ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा- बस का ब्रेक फेल होते ही चीख-पुकार मच सकती थी, लेकिन ड्राइवर ने गजब का मानसिक संतुलन दिखाया। बस को गहरी खाई में गिरने से बचाने के लिए उसने गाड़ी को सूझबूझ से पहाड़ी की तरफ टकरा दिया। आंधे घंटे बाद आपातकालीन टीमों को मिली सूचना- लगभग 08:30 बजे जिला नियंत्रण कक्ष टिहरी के माध्यम से एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें निरीक्षक कवीन्द्र सजवाण के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। मुस्तैदी से चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन- घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ के जवानों और स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राहत-बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने बस के भीतर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बस पलटने के कारण हाईवे पर दोनों ओर से रास्ता बंद हो गया था, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। इस हादसे में बस में सवार सभी 40 यात्री सुरक्षित हैं। ड्राइवर की सूझबूझ के कारण किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

## तीन गुमशुदा नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों का सौंपा



**मुजफ्फरनगर, 7 जून (एजेंसी)।** थाना सिखेड़ा पुलिस की तत्परता से तीन गुमशुदा नाबालिग बच्चों को कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर लिया गया। "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत थाना सिखेड़ा पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा हुए तीन नाबालिग बच्चों को सूचना प्राप्त होने के कुछ ही घंटों के भीतर सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि हार्दिक शर्मा पुत्र शोभित शर्मा निवासी ग्राम सिखेड़ा, थाना सिखेड़ा, जनपद मुजफ्फरनगर अपने परिजनों द्वारा डांटने से नाराज होकर घर से चला गया था। वहीं सहदेव पुत्र अजीत निवासी ग्राम धन्धेड़ा, थाना सिखेड़ा, जनपद मुजफ्फरनगर अपने परिवारजनों को किसी कार्य से जाने की बात कहकर घर से चला गया था तथा तमन्ना पुत्री नौशाद निवासी ग्राम निराना, थाना सिखेड़ा, जनपद मुजफ्फरनगर भी अन्य बच्चों के साथ चली गई थी। तीनों बच्चों के घर वापस न लौटने पर परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना सिखेड़ा पुलिस द्वारा तीनों नाबालिग बच्चों को सुरक्षित एवं सकुशल बरामद कर लिया। इसके उपरांत बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल प्राप्त कर परिजनों द्वारा थाना सिखेड़ा पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

